भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तरांचल, देहरादून।
के
अपने कृत्यों के निर्वहन के लिये स्वयं द्वारा स्थापित मापमान

भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तरांचल, देहरादून के विभागीय संरचना का शासनादेश सं0 2584/औ0वि0/147–ख, दिनांक 3 दिसम्बर 2001 के द्वारा जारी किया गया था जिसमें तकनीकी व गैर तकनीकी पद समाविष्ट हैं। विभाग का मुख्य कार्य प्रदेष में खनिजों का अन्वेशण कर खनिज क्षेत्रों को चिन्हित करना उनका मूल्यांकन करना तथा पर्यावरणीय सुरक्षा को दृश्टिगत रखते हुए खनिजों के विदोहन हेतु तकनीकी परामर्श देना। उपरोक्त कार्यों के निष्पादन हेतु प्रत्येक वर्श के माह जून/जुलाई में राज्य भूवैज्ञानिक कार्यकयी परिषद की बैठक आयोजित की जाती है जिसमें वर्ष भर में सम्पादित कराये जाने वाले खनिजों के अन्वेषण कार्यो को अन्तिम रूप दिया जाता है ।

भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्य कार्य

1. खनिज अन्वेषणः खनिज अन्वेषण कार्यक्रम के अन्तर्गत अधात्विक/धात्विक खनिजों एवं इमारती पत्थरों के सर्वेक्षण कार्य किये जाते हैं। प्रश्नगत क्षेत्र का पता लगाने हेतु रिकगनएशन सर्वेक्षण का कार्य किया जाता है । इसके उपरान्त आशातित प्ररिणम की प्राप्ति होने पर क्षेत्र में विस्तृत मानचित्र तैयार करना, भूमिगत खनिज आंकलन हेतु वेधन कार्य, ट्रेंचिगं–पिटिंग कार्य से सतह के निकट खनिज का आकार व प्रकार अवलोकित किया जाता है। तद्पोरान्त समस्त परिक्षणों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर खनिज के भण्डार का आंकलन गुणवत्ता एवं वाणिज्यिक उपयोग को निर्धारित किया जाता है

2. भू–अभियॉन्त्रिकी कार्यः भू–अभियॉन्त्रिकी कार्यो के अन्तर्गत उत्तरांचल राज्य की जटिल भूगर्भीय संरचना को दृष्टिगत रखते हुए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का अध्ययन एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के विकास में निर्माण कार्यो से सम्बन्धित योजनाओं में भूमि की उपयुक्तता एवं स्थायीत्व परीक्षण हेतु स्थलों का भूगर्भीय अवलोकन किया जाता है।

3. खनिज प्रशासनः खनिज प्रशासन के अन्तर्गत मुख्य खनिज एवं उपखनिज क्षेत्रों की तकनीकी जॉच आख्या जिला प्रशासन एवं शासन को उपलब्ध करायी जाती है, जिसके आधार पर मुख्य

खनिज एवं उपखनिज के पट्टे/परमिट/प्रा0ला0 शासन द्वारा परिहार स्वीकृत किये जाते है। खनिज परिहार धारक वैज्ञानिक व पर्यावरण की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए खनन कार्य

राजस्व–विगत छः वर्षो का राजस्व प्राप्ति का ब्यौरा

वर्ष		कुल राजस्व **(करोड़ में** रू0 में)
2007–08	–	72.32
2008–09	–	61.72
2009–10	–	72.3
2010–11	–	90.24
2011–12	–	112.39

दिनांक 30 जुलाई, 2003 को उत्तरांचल की प्रथम खनिज विकास एवं प्रबन्धन बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें इमारती पत्थर के अन्वेषण पर बल दिया गया तदोपरान्त कुछ इमारती पत्थरों के भण्डारो का पता लगाने हेतु खनिज अन्वेषण हेतु गढवाल मण्डल एवं कुमाऊँ मण्डल, दो दलों का गठन किया गया। वर्ष 2005–06 हेतु खनिज अन्वेषण कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित किया जाने हेतु भूवैज्ञानिक कार्यकरयी परिषद की बैठक का आयोजन दिनांक 28–06–2005 को सम्पन्न कर लिया गया है।

उपलब्ध खनिजों के भण्डारण/निकासी व विदोहन हेतु केन्द्रीय सरकार व राज्य सरकार द्वारा प्रख्यापित अधिनियम/शासनादेश जिसमें नीति के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न प्रकार के प्रपत्र इत्यादि समाविष्ट हैं जिनका विवरण निम्नवत् है :–

अधिनियम एवं नियमावलियां

1. खान एवं खनिज विकास विनियमन अधिनियम–1957
2. खनिज परिहार नियमावली 1960 (M.C.R. 1960)
3. उत्तरांचल उपखनिज परिहार नियमावली 2001
4. संशोधित खनिज नीति –2001
5. उत्तरांचल खनिज (अवैध खनन परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली–2005
6. उत्तराखण्ड खनिज नीति, 2011
7. उत्तराखण्ड के ''पर्वतीय क्षेत्र'' हेतु स्टोन क्रेशर, स्कीनिंग प्लान्ट एवं पल्वराइजर नीति, 2011
8. उत्तराखण्ड के ''मैदानी क्षेत्र'' हेतु स्टोन क्रेशर, स्कीनिंग प्लान्ट एवं पल्वराइजर नीति, 2011
9. उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली (यथा संशोधित/परिवर्द्धित) 2011

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी उपरोक्त अधिनियम व नियमावली के अर्न्तगत प्राविधानित नियमो के आधार पर मुख्य खनिज एवं उप खनिजों के प्रोस्पेक्टिंग लाइसेंस/खनन पट्टा एवं उप खनिजों के खनन अनुज्ञा पत्र निष्पादन का कार्य संलग्न प्रारूपों के अनुसार किया जाता है।

अनुमोदित खनन योजनानुसार ही कार्य करें, के नियन्त्रण हेतु समुचित कार्यवाही इकाई द्वारा की जाती है। इसके अतिरिक्त राजस्व के ऑकडों का संकलन भी किया जाता है।

उत्तराखण्ड राज्य में मुख्य खनिजों के भण्डार निम्नानुसार अनुमानित किये गये हैं।

1. लाईमस्टोन	9500 लाख टन	जनपद, देहरादून, टिहरी गढवाल पिथौरागढ।
2. डोलोमाईट	2000 लाख टन	जनपद, देहरादून, टिहरी गढवाल, पिथौरागढ।
3. मैग्नासाईट	1800 लाख टन	बागेश्वर, पिथौरागढ, चमोली।
4. सोपस्टोन	1600 लाख टन	अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ, चमोली।
5. फस्फोराईट	200 लाख टन	देहरादून, टिहरी गढवाल।
6. बेसमेटल्स् (सीसा, तॉबा, जस्ता)	100 लाख टन	अल्मोड़ा, चमोली, देहरादून, नैनीताल, पौडी गढवाल, टिहरी गढवाल, पिथौरागढ।
7. बेराईट	आंकलन नहीं	देहरादून।
8. सिलीकासैण्ड	.....तदैव.....	उत्तरकाशी।
9. ग्रेफाईट	.....तदैव.....	अल्मोड़ा, नैनीताल, पौड़ी गढवाल।
10. स्लेट	.....तदैव.....	उत्तरकाशी, पिथौरागढ, नैनीताल।
11. मारबल	.....तदैव.....	देहरादून।
12. नदी तल के उपखनिज क्षेत्र	.....तदैव.....	उत्तरांचल के सभी नदियों में

भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तरांचल, देहरादून में रसायन प्रयोगशाला स्थापित है जिसमें लाइम स्टोन, डोलोमोईट, मैग्नेसाईट, सोपस्टोन, क्वार्टज, क्ले एवं फेल्सपार इत्यादि खनिजों के रासायनिक विश्लेषण की सुविधा उपलब्ध है । यदि किसी उद्यमी को अपने खनिज नमूनों का रासायनिक विश्लेषण करवाना हो तो शासनादेश सं0 1892/सात–औ0वि0/76–ख/2005, दिनांक 15 जून, 2005 (संलग्न) में उल्लिखित विश्लेषण की दरों पर उनके खनिज नमूनों का विश्लेषण किया जा सकता है ।

3.2 वर्तमान में उत्तराखण्ड में मुख्य तथा उपखनिजों का खनन कार्य क्रमशः स्वस्थाने किस्म के चट्टानों तथा नदी तल क्षेत्रों में किया जा रहा है। मुख्य खनिज जैसे सोपस्टोन व मैग्नेसाईट का खनन जनपद बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, चमोली आदि में किया जाता है तथा उपखनिज जैसे ईमारती पत्थर, बोल्डर, साधारण बालू, बजरी, कंकड़, लाईमस्टोन आदि का खनन भी उत्तराखण्ड

के अधिकांश जनपदिय क्षेत्रों में किया जाता है। वर्तमान में जनपद बागेश्वर में सोपस्टोन खनिज के 15 (पन्द्रह) प्रोस्पेक्टिंग लाइसेंस तथा 50 (पच्चास) खनन पट्टे तथा मैग्नेसाईट, डोलोमाइट आदि खनिज का 03 खनन पट्टा कार्यरत हैं, जनपद अल्मोड़ा में सोपस्टोन खनिज के 2 (दो) खनन पट्टे, जनपद पिथौरागढ़ में सोपस्टोन खनिज के दो प्रोस्पेक्टिंग लाइसेंस, सोपस्टोन खनिज के 14 (चौदह) खनन पट्टे, मैग्नेसाईट के 4 (चार) खनन पट्टे कार्यरत हैं। जनपद चमोली में सोपस्टोन डोलोमाइट, मैग्नेसाइट के 01 (एक) खन्न पट्टा कार्यरत है। जनपद टिहरी गढ़वाल में लाइमस्टोन उपखनिज के 06 (छः) खनन पट्टे कार्यरत हैं । जनपद देहरादून में लाइमस्टोन (उपखनिज) का 01 (एक) खनन पट्टा तथा साधारण बालू, बजरी, बोल्डर के 89 खनन लॉट कार्यरत है। जनपद हरिद्वार में साधारण बालू, बजरी, बोल्डर के 20 लॉट कार्यरत है।

क्रम सं0	खनिज का नाम	क्षेत्रफल (एकड़ में)	जनपद का नाम
1.	सोपस्टोन	2013.97	बागेश्वर
2.	मैग्नेसाईट	429.09	बागेश्वर
3.	सोपस्टोन	15.40	अल्मोड़ा
4.	सोपस्टोन	247.89	पिथौरागढ़
5.	मैग्नेसाईट	1155.76	पिथौरागढ़
6.	सोना, तॉबा, सीसा, जस्ता, आदि	1958.71	पिथौरागढ़
7.	सोपस्टोन	85.38	चमोली
8.	मैग्नेसाईट	10.71	चमोली
9.	लाइमस्टोन	68.60	टिहरी गढ़वाल
10.	लाइमस्टोन	0.37	देहरादून

3.3 सोपस्टोन खनिज रसायन, दवाईयां, सौन्दर्य प्रसाधन, रबर उद्योग, पेंट उद्योग, कागज उद्योग आदि उद्योगों में उपयोग में आता है। मैग्नेसाईट खनिज डेड वर्नट ब्रिक्स् बनाने तथा बलास्ट फर्नेस आदि उद्योगों में उपयोग में आता है। लाइमस्टोन खनिज सीमेंट उद्योग, चूना भट्टा, स्टील उद्योग, कॉच उद्योग, चीनी उद्योग आदि अन्य उद्योगों में उपयोग में आता है।

4.3.1 उत्तरांचल में उपखनिजों तथा मुख्य खनिजों के खनिज परिहार क्रमशः उत्तरांचल उप खनिज (परिहार) नियमावली –2001 तथा खनिज परिहार नियमावली–1960 के प्राविधानों तथा उत्तरांचल के खनिज नीति के अन्तर्गत शासन द्वारा स्वीकृत किये जाते है। उप खनिजों के खनन अनुज्ञा पत्र अधिकतम् छः माह हेतु तथा खनन पट्टे अधिकतम् 15 (पन्द्रह वर्ष) वर्ष के लिए स्वीकृत किये जाने का प्राविधान है।

उपखनिजों हेतु नियमावली–2001 के नियम–6 के अन्तर्गत प्रपत्र एम.एम.–1 पर खनन पट्टे हेतु तथा नियम–52 के अन्तर्गत प्रपत्र एम.एम. 8 पर आवेदन किया जा सकता है। इसी प्रकार खनिज परिहार नियमावली–1960 के नियम–4 के अन्तर्गत रिकोन्सीनेस परमिट हेतु प्रपत्र ''ए'' पर, नियम–9 के अन्तर्गत प्रोस्पेक्टिंग लाइसेंस हेतु प्रपत्र– ''बी'' पर तथा खनन पट्टे हेतु प्रपत्र– ''आई'' पर आवेदन किया जा सकता है । सभी प्राप्त आवेदन पत्रों पर सम्बन्धित जिलाधिकारियों द्वारा आवश्यक जॉच उपरान्त संस्तुति शासन के निर्णय हेतु भेजी जाती है तथा गुणावगुण के आधार पर शासन द्वारा आवेदन पत्रों का निस्तारण किया जाता है।

खनिज परिहार आवेदन शुल्कः–

खनिज परिहार	आवेदन शुल्क
खनन अनुज्ञा पत्र	रू0 400.00
उप खनिज खनन पट्टा	रू0 3000.00
रिकोनेसनस परमिट	रू0 5.00 प्रति वर्ग किमी0 (वापस नहीं होगी)
प्रोस्पेक्टिंग लाइसेंस	रू0 250.00 प्रथम वर्ग किमी0 अथवा उसके भाग के लिए तथा प्रत्येक अतिरिक्त वर्ग किमी के लिए रू0 50.00
मुख्य खनिज खनन पट्टा	रू0 3500.00

4.3.2 इकाई द्वारा राजस्व वसूली सम्बन्धी कोई कार्य नहीं किया जाता है। इस सम्बन्ध में विभिन्न जिलाधिकारियों स्तर से राजस्व वसूली का कार्य किया जाता है । निम्न खनिज लेखार्शीसकों के अर्न्तगत राजस्व जमा कराया जाता है :–

0853– अहौह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग।

102 खनिज रायल्टी एवं स्वत्व शुल्क।

01– खनिज रियायती शुल्क एवं स्वत्व शुल्क ।

4.3.3 खनन गतिविधियों के दौरान विषेले वायु, धूलीकरण आदि उत्पन्न होता है जो खननकार्य में लगे व्यक्तियों के लिये हानीकारक होता है। इसी प्रकार मशीनों जैसे, ड्रील्स, ट्रेमवेज (Tramways) डंपरर्स, लोडर्स (Loaders) आदि से भी दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। खान में भाग, पानी का भराव, गैस के विस्फोट तथा जहरीली मोथेन गैस के रिसाव का खतरा बना रहता है। अतः इस कारण खान में सुरक्षा के उपाय अत्यन्त आवश्यक है।

सुरक्षा सामग्री की सूची :

हैलमेट, माइनिग शूज, हैण्ड ग्लोवज, चश्मा, सेफटी लैम्प, विस्फोट से बचने हेतु शेलटर (Shelter) खानों में कार्यरत मजदूरों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों को Mines Rules प्राविधानों के अन्तर्गत समय–समय पर चिकित्यकीय परीक्षण किया जाता है एवं रोगी व्यक्तियों की चिकित्सा सुनिश्चित की जाती है। Mines Uocational Training Rules के प्राविधानों के अन्तर्गत Safety measure awareness वार्षिक सेफ्टी वीक के आयोजन कर इस सम्बन्ध में जानकारी खान मजदूरों को दी जाती। इकाई द्वारा स्वास्थ्य बीमा सम्बन्धी कोई योजना नहीं चलाई जाता है एवं न ही कोई प्रशिक्षण किया जाता है क्योंकि इकाई द्वारा प्रत्यक्ष रूप कोई खनन गतिविधियां नहीं की जाती है।

4.3.4 अवैध खनन, परिवहन अथवा भण्डारण के निवारण हेतु उत्तरांचल शासन द्वारा उत्तरांचल खनिज (अवैध खनन, परिवहन व भण्डारण का निवारण) नियमावालि 2005 जारी की गयी है। अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु उक्त नियमावली के अन्तर्गत बिना अभिवरण पास के खनिज परिवहन नहीं किया जा सकता है। इसी प्रकार खनिज भण्डारण हेतु भी जिलाधिकारी से अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य हो गया है। नियमावली के उल्लंघन पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम–1957 की धारा–21 (1) एवं (2) के अन्तर्गत अवैधकर्ताओं को दण्डित किया जाता है। इसी प्रकार अवैधकर्ता पर न्यायालय में मुकदमा भी चलाया जा सकता है। वर्तमान में खनिज परिवहन की जॉच हेतु जॉच चौकियों/धर्मकांटों के स्थापना के सम्बन्ध में कार्यवाही शासन स्तर पर जारी है।

5.1.1 रिकोनिसंस का तात्पर्य यह है कि, किसी राष्ट्र में अथवा प्रदेश में खनिजों का प्रारंम्भिक सर्वेक्षण/वृहत पैमाने पर खनिजों के सर्वेक्षण का कार्य किया जाना । रिकोनेसंस परमिट हेतु सम्बन्धित जिलाधिकारी के कार्यालय में फार्म– । में आवेदन किया जाता है। आवेदन पत्र के साथ निम्न शुल्क तथा कागजात संलग्न करना आवश्यक है :–

1. रू0 5.00 (रू0 पॉच मात्र) प्रति किमी का वापिस नहीं किये जाने वाला शुल्क।
2. सम्बन्धित जिलाधिकारी का खनन अदेयता प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप पर अथवा इस आशय का नियमानुसार शपथ पत्र यदि निजी कम्पनी है अथवा पार्टनरशिप फर्म है तो, सभी हिस्सेदारों द्वारा प्रमाण–पत्र देय होगा। यदि इस आशय का शपथ पत्र दिया गया है कि आवेदक के पास न तो कोई खनिज परिहार स्वीकृत है एवं नहीं कभी स्वीकृत था, तो उस दशा में खनन अदेयता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होती है।
3. आयकर अदायगी सम्बन्धी नियमानुसार शपथ–पत्र ।
4. राज्य में रिकोनेसंस परमिट स्वीकृति विषयक विवरण सम्बन्धी आवेदक का नियमानुसार शपथ–पत्र।

रिकोनेसंस परमिट आवेदन पत्र तीन माह के अन्दर Process किया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतो का निस्तारण तुरन्त किया जायेगा।

संख्याः 1031/औ0वि0/2001

प्रेषक,

श्री दया राम,
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।

औद्योगिक विकास विभाग देहरादून दिनांक 30 अप्रेल–2001

विषयः उत्तरांचल राज्य खनिज नीति–2001

महोदय,

उत्तरांचल राज्य में विभिन्न प्रकार के उपलब्ध खनिजों का दोहन आधुनिक तथा वैज्ञानिक विधि द्वारा सुनिश्चित करने, पर्यावरण का संरक्षण एवं खनिज क्षेत्रों की पुर्नस्थापना करने, खनिज भण्डारों का आधुनिक तकनीक द्वारा विस्तृत अन्वेषण का कार्य करने तथा खनिजों के दोहन एवं चुगान के कार्यों में माफियाओं के एकाधिकार को समाप्त करने हेतु शासन द्वारा उत्तरांचल राज्य खनिज नीति 2001 प्रख्यापित की गयी है। अतः उत्तरांचल राज्य के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास में वांछित आवश्यकताओं की पूर्ति एवं मानव संसाधनों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित निर्णयों को चरणवद्ध व समयवद्ध किये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

मुख्य खनिजः

मुख्य खनिजों का विकास एवं विनियमन खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम–1957 की धाराओ एवं खनिज परिहार नियमावली–1960 के प्राविधानों के अन्तर्गत किया जाता है। उक्त अधिनियम व नियमावली भारत –सरकार द्वारा प्रवृत्त की गई है। उक्त अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग–ए एव बी में स्पेसिफाइड मिनरल्स अंकित है, जिसकी रिकोनोइसंस परमिट/पी0एल0/एम0एल0 पर स्वीकृत करने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा भारत–सरकार से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होता है। अन्य मुख्य खनिज, जो उक्त अधिनियम के द्वितीय अनुसूची में अंकित है, को रिकोनईसस/पी0एल0/एम0एल0 पर स्वीकृत करने के लिए राज्य–सरकार द्वारा भारत सरकार से पूर्वानुमति लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। प्रदेश के अन्तर्गत सतही एवं भूगर्भ में पाये जाने वाले खनिज प्रदेश की सम्पत्ति होती है तथा सतही अधिकार प्रदेश में निहित है, इसलिए खनिज पर देय रायल्टी प्रदेश सरकार द्वारा ही वसूल की जायेगी। मुख्य खनिजों के सुनियोचित विकास के लिए निम्नलिखित कार्यवाही की जायेगीः–

1– शासन द्वारा सचिव, औद्योगिक विकास की अध्यक्षता में एक कार्यकारी दल का गठन किया जायेगा। कार्यकारी दल द्वारा मुख्य खनिजों के खनन में अपनायी जा रही तकनीक, उनका पर्यावरण पर प्रभाव तथा खनन से सम्बन्धित प्रचलित कार्यप्रणाली को व्यवहारिक बनाने के

सम्बन्ध में उपाय एवं सुझाव तैयार कराये जायेगें । कार्यकारी दल के गठन का मुख्य उद्देश्य भारत–सरकार को मुख्य खनिजों के खनन से सम्बन्धित खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम–1957 के सम्बन्ध में सुझाव देने का भी होगा।

2– मुख्य खनिजों के खनन हेतु निजी क्षेत्र के ऐसे उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जायेगा, जिनके पास यह कार्य करने हेतु प्रर्याप्त पूंजी एवं आधुनिक तकनीक उपलब्ध हो।

3– खनिज युक्त क्षेत्रों में अवस्थापना की सुविधा उपलब्ध कराते हुए राज्य सरकार द्वारा खनिज स्टेट स्थापित किये जायेगें।

4– खनिज विकास एवं अन्वेषण कार्यो के लिए खनिज विकास निधि की स्थापना की जायेगी। मुख्य खनिजों के खनन से प्राप्त रायल्टी का 5 प्रतिशत इस निधि में जमा किया जायेगा।

5– खनिज के परिहार, खनिज पर आधारित उद्योग तथा खनिज सम्बन्धी अन्वेषण कार्य को सुगम बनाने हेतु खनिज निदेशालय में एकल मेज व्यवस्था (सिंगल विंडो सिस्टम) की स्थापना की जायेगी।

6– निम्न श्रेणी, सीमांत श्रेणी, खनन मलवा एवं खनिज आधारित उद्योगों के सह–उत्पादों को उपयोग में लाने का यथा सम्भव प्रयास किया जायेगा।

<u>उप–खनिज :</u>

वर्तमान में वन क्षेत्रों के बाहर उपखनिजों का खनन/चुगान का कार्य मुख्य रूप से निजी पट्टधारकों के द्वारा ही किया जा रहा है। ऐसा अनुभव किया गया है कि इस प्रक्रिया के अर्न्तगत धीरे–धीरे खनन एवं चुगान आदि कार्यो में एकाधिकार बढ़ता जा रहा है। इस प्रक्रिया पर अंकुश लगाने के लिए तथा उप खनिजों का दोहन आधुनिक तथा वैज्ञानिक विधि द्वारा करने हेतु उप खनिज के खनन व चुगान का कार्य शासकीय नियमों या विभागों द्वारा ही कराया जाये।

वन क्षेत्रों में वनों के संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए खनिजों के खनन एवं चुगान का कार्य उत्तरांचल वन विकास निगम के माध्यम से कराया जायेगा। निगम द्वारा यह कार्य स्वंय किया जायेगा तथा किसी को सबलेट नहीं किया जायेगा।

वन क्षेत्र के बार सिविल क्षेत्रों में उप–खनिजों के खनन एवं चुगान का कार्य सरकारी नियमों/सरकारी विभागों/कानूनी निगमों द्वारा किया जायेगा। इस कार्य हेतु इन संस्थाओं को आयोजनेत्तर पक्ष में कोई भी अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी तथा उनके द्वारा कोई अतिरिक्त दायित्व भी सृजित नहीं किया जायेगा।

यदि किसी अपरिहार्य परिस्थिति में सरकारी निगमों एवं शासकीय विभागों द्वारा उपखनिज के खनन/ चुगान के कार्यो को निष्पादित करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है या वे शासन द्वारा इस कार्य में अक्षम पाये जाते हैं, तो इन परिस्थितियों में अपवाद स्वरूप यह कार्य निजी क्षेत्र के व्यक्तियों को पट्टे के आधार पर निम्नलिखित शर्तों पर दिया जायेगाः–

1–सर्वप्रथम छोटे आकार के लॉट्स बनाये जायेंगे।

2–किसी भी व्यक्ति को एक से अधिक लॉट् का पट्टा स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

3–पट्टा हेतु जनपद के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी।

4–यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पट्टे हेतु आवेदन करने वाला व्यक्ति अपराधिक प्रवृत्ति का न हो। निवास एवं चरित्र सम्बन्धी प्रमाण–पत्र जिला प्रशासन से प्राप्त किया जायेगा।

मैदानी क्षेत्र, विकासनगर, देहरादून, डोईवाला, ऋषिकेश, हल्द्वानी, उधमसिंहनगर, हरिद्वार को छोड़कर शेष पर्वतीय क्षेत्रों में जिलाधिकारियों को निम्न अधिकार दिये जायेंः–

1– निजी भवनों के निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार स्थानीय लोगों को निर्धारित दर पर निःशुल्क अधिकतम् 150 घनमीटर तक बोल्डर, बजरी, रेत आदि का परमिट दिया जायेगा।

उप–खनिजों की रायल्टी के सम्बन्ध में सम्प्रति सामान्य आंकलन के आधार पर वर्तमान में प्रचलित दरों में 20 प्रतिशत की बढोत्तरी की जायेगी। रायल्टी को अंतिम रूप से निर्धारण विभिन्न बिन्दुओं पर विचारोपरांत तकनीकी दृष्टिकोण से प्रशासनिक दृष्टिकोण से एवं राजस्व हित को देखते हुए किया जायेगा। और तद्नुसार निर्णयोपरांत शासनादेश शीघ्र ही निर्गत कर दिया जायेगा । वन विकास निगम एवं अन्य सरकारी विभाग/निगम, जो उप खनिजों के खनन के कार्य के लिए अधिकृत होंगे, वे प्राप्त राजस्व की सूचना हर माह खनिज निदेशालय को उपलब्ध करायेगें। प्रश्नगत् निगम/विभाग रायल्टी पर 10 प्रतिशत सर्विस चार्ज प्राप्त करने के अधिकारी होंगे।

उप खनिजों के खनन से प्राप्त राजस्व का 5 प्रतिशत धनराशि को खनिज निधि में इस उद्देश्य से रखा जायेगा, जिसका उपयोग उप खनिजों के खनन क्षेत्रों में भू–भाग पुनर्स्थापना हेतु किया जायेगा।

उप खनिजों के चुगान/खनन की संक्रियाये उत्तरांचल उप खनिज (परिहार) नियमावली–2001 के प्राविधानों के अन्तर्गत की जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें, और कृत कार्यवाही से समय–समय पर शासन को अवगत कराने का कष्ट

भवदीय,

(दया राम)
अपर सचिव।

पृष्ठांकन संख्या 1031/औ0 वि0/2001 तद्दिनांक :
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1–सभी सरकारी निगमों के प्रबन्ध निदेशकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2– निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तरांचल।
3– नोडल अधिकारी/उप निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, देहरादून।
4– प्रभारी अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, देहरादून/हल्द्वानी।
5– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(दया राम)
अपर सचिव

संख्या 3498/औ0 वि0–22–ख/2001

प्रेषक,

श्री एस0 कृष्णन,
प्रमुख सचिव,

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।

औद्योगिक विकास देहरादूनः दिनांक अक्टूबर 17, 2002

विषयः खनिज नीति 2001 में संशोधन।

महोदय,

उत्तरांचल राज्य में विभिन्न प्रकार के उपलब्ध खनिजों का दोहन आधुनिक विधि द्वारा सुनिश्चित करने, पर्यावरण का संरक्षण एवं खनिज भण्डारों का आधुनिक तकनीकी से विस्तृत अन्वेषण का कार्य करने के साथ ही साथ उप खनिजों के खदान/चुगान कार्यो में एकाधिकार समाप्त किये जाने के उद्देश्य से खनिज नीति–2001 दिनांक 30–4–2001 प्रख्यापित की गयी थी।

2– राज्य की खनिज नीति 2001 के पुनरावलोकन की आवश्यकताओं को महसूस करते हुए नीति का विस्तृत परीक्षण पर्यावरण संरक्षण, राजस्व प्राप्ति, उपभोक्ताओं तथा निर्माण संस्थाओं को उप–खनिजों की उचित मूल्य पर सहज उपलब्धता तथा स्थानीय व्यक्तियों के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य को संज्ञान में रखते हुए किया गया । राज्य की वर्तमान खनिज नीति को अधिक प्रभावशाली एवं विकासोन्मुखी बनाये जाने के परिपेक्ष्य में राज्य में उपलब्ध उप–खनिज सम्पदा को खदान/चुगान कराये जाने हेतु शासन द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं :–

2.1 उप खनिजों से आच्छादित खनन क्षेत्रों में एकाधिकार की सम्भावनाओं को समाप्त करने एवं खदान/चुगान का कार्य पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुये वैज्ञानिक विधि से सुनिश्चित करने हेतु यह कार्य गत वर्ष की भांति सरकारी निगमों द्वारा ही कराया जायेगा।

2.2 यथासम्भव सरकारी निगमों को नदीवार खदान/चुगान के पट्टे स्वीकृत किये जायेगें ताकि इस कार्य में बेहतर समन्वय एवं नियन्त्रण सुनिश्चित हो सके। इस हेतु जनपद देहरादून के समस्त क्षेत्रों में गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा तथा गोला नदी के समस्त क्षेत्रों में उत्तरांचल वन विकास निगम द्वारा उप–खनिजों का खदान/चुगान किया जायेगा। परन्तु जनपद हरिद्वार में उप–खनिज बाहुल्य क्षेत्र की अधिकता के कारण वन क्षेत्र में उप–खनिजों का खदान/चुगान उत्तरांचल वन विकास निगम एवं राजस्व क्षेत्रों मे उप खनिजों के खदान/चुगान का कार्य गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा किया जायेगा।

2.3 खनिज नीति–2001 के अन्तर्गत मैदानी क्षेत्रों की श्रेणी में से कतिपय छूटे हुए स्थानों तथा टनकपुर (शारदा), रामनगर, कोटद्वार, सतपुली एवं श्रीनगर (अलकनन्दा) मैं भी उपयुक्त निगम के माध्यम से खदान चुगान की व्यवस्था की जायेगी। सम्बन्धित जिलाधिकारी इन नदियों/क्षेत्रों तथा इस प्रकार के यदि कोई नदियां/क्षेत्र हों, के सम्बन्ध में वन विकास निगम/गढ़वाल मण्डल विकास निगम/ कुमायूं मण्डल विकास निगम के अधिकारियों से विचार विमर्श के उपरान्त तुरन्त प्रस्ताव शासन को उपलब्ध करायेंगे।

2.4 पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों की विभिन्न नदियों के छोटे–छोटे लाटों मे जहां उप–खनिजों का खदान/चुगान होता था/हो सकता है, परन्तु वन संरक्षण अधिनियम –1980 के अन्तर्गत अनुमति न मिलने के कारण संभव नहीं हो रहा है, के जनपदवार समग्र प्रस्ताव सम्बन्धित निगमों या उत्तरांचल राज्य सहकारी विपणन संद्य द्वारा तैयार कर जिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार को अनुमति हेतु प्रेषित किये जायेंगे। इस प्रकार भारत सरकार से वन संरक्षण अधिनियम–1980 के अन्तर्गत चुगान की अनुमति प्राप्त होने पर उक्त क्षेत्रों में चुगान का कार्य सरकारी निगम/उत्तरांचल राज्य सहकारी विपणन संद्य स्वंय करेंगे। यदि किन्हीं परिस्थितियोंवश उपरोक्त संस्थायें उक्त कार्य स्वंय करने में असमर्थ हों तो यह कार्य उपरोक्त संस्थाओं की देख–रेख में स्थानीय व्यक्तियों/संस्था से कराये जाने की वैकल्पिक व्यवस्था शासन की अनुमति से सुनिश्चित करेंगे।

2.5 उपरोक्त प्रस्तर 2.2 एवं 2.3 के अतिरिक्त निजी नाप भूमि पर अथवा किन्हीं अन्य परिस्थितियों में जिला स्तर से उप–खनिजों के खदान/चुगान के पट्टे/अल्पावधि के खनन अनुज्ञा पत्र स्वीकृत किये जाने से पूर्व शासन की अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

2.6 उप–खनिजों के दुरूपयोग तथा राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से स्टोन क्रशर्स में आने वाले उप–खनिजों की मात्रा एवं उनके द्वारा तैयार माल को समय–समय पर चैक किया जाना एवं स्टोन क्रशर से उप–खनिजों की निकासी पर भी प्रभावी पर्यवेक्षण जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

2.7 उत्तरांचल में स्टोन क्रशर्स की स्थापना के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैः–

(1) स्टोन क्रशर स्कूल कालेज/चिकित्सालय/मंदिर/पुल/नहर से कम से कम 500 मीटर दूर होने चाहिए।

(2) प्रदूषण मुक्त होने के लिये प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण–पत्र लेना होगा।

(3) राजस्व विभाग से इस आशय का अनापत्ति प्रमाण–पत्र लेना होगा कि प्रस्तावित स्टोन क्रशर नदी तद, आरक्षित वन क्षेत्र एवं मुख्य सड़क मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्यीय राजमार्ग) से कम से कम 500 मीटर की दूरी पर हो तथा दो स्टोन क्रशरों के बीच की दूरी कम से कम 500 मीटर होनी चाहिए।

2.8 दडा (आर.बी.एम.) की रॉयल्टी रेट मिश्रण में पाये जाने वाले अधिकतम रॉयल्टी वाले उप–खनिज अर्थात बजरी के रॉयल्टी रेट के बराबर होगी।

2.9 निगमों के क्षेत्रों में उप–खनिजों के खदान/चुगान, छनाई एवं लदान कार्य मे लगे श्रमिकों की वांछित मजदूरी का नियमित भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। इसी क्रम में चुगान क्षेत्र से अवैध खनन एवं निकासी पर प्रभावी नियंत्रण रखना भी सूनिश्चित किया जाये।

2.10 .1 राजकीय निर्माण कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से चिन्हित स्थलों पर (जनपद देहरादून, उधमसिह नगर, हरिद्वार व जनपद नैनीताल की हल्द्वानी व रामनगर तहसीलों को छोड़कर) उप–खनिजों के चुगान के पट्टे निर्माण विभागों द्वारा आवेदन करने पर जिलाधिकारी द्वारा दिये जायेंगे ।

2.11 .2 जहां किन्हीं कारणोंवश ऐसी व्यवस्था उपलब्ध/संभव न हो वहां सम्बन्धित निर्माण संस्था के अधिशासी अभियन्ता के प्रमाण–पत्र पर निगम के प्रख्यापित मूल्यों पर निर्माण सामग्री सम्बन्धित निगम द्वारा कार्यदायी संस्था अधिकृत व्यक्ति को उपलब्ध करायी जायेगी ताकि सरकारी निर्माण संस्थाओं को उनकी न्यूनतम आवश्यकतानुसार निर्माण सामग्री न्यूनतम दूरी से उचित मूल्य पर उपलब्ध हो सके। इस प्रकार की व्यवस्था प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिये भी लागू रहेगी ।

2.12 .3 उपरोक्त सरकारी महत्व के कार्यो में निर्माण सामग्री की उपलब्धता के सम्बन्ध में सम्बन्धित मण्डलायुक्त आपूर्ति व्यवस्था की लगातार समीक्षा कर समय–समय पर आने वाली कठिनाईयों का निराकरण अपने स्तर से करेंगे। आवश्यकतानुसार प्रकरण शासन को संदर्भित किया जायेगा।

3. मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा लिये गये उपरोक्त निर्णयों का अनुपालन एवं क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
(एस0 कृष्णन)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांक /3498/औ0वि0–22 ख/2001 तद्दिनांक।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
2. निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल, देहरादून।
3. मण्डलायुक्त, गढ़वाल/कुमांयू, उत्तरांचल।
4. प्रबन्ध निदेशक, गढ़वाल मण्डल विकास निगम/कमांयू मण्डल विकस निगम/उत्तरांचल वन विकास निगम ।
5. स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
6. अपर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, देहरादून।
7. निजी सचिव, मा0 औद्योगिक विकास मंत्री।
8. गोपन अनुभाग।

9. उप निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूडकी, जनपद हरिद्वार को आगामी गजट में प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

आज्ञा से,
(पुनीत कंसल)
अपर सचिव।

उत्तरांचल सरकार
औद्योगिक विकास विभाग

संख्याः 617/सात/05/158–ख/2994
देहरादून, 14–03–2005
अधिसूचना

खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (अधिनियम संख्या 67 सन् 1957) की धारा 23–ग के अधीन शक्ति का प्रयोग करके, राज्यपाल, खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण को निवारित करने की दृष्टि से, निम्नलिखित नियमावली बनाते है, अर्थात :–

उत्तरांचल खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली, 200

1. यह नियमावली उत्तरांचल खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली, 2005 कही जायेगी। संक्षिप्त नाम और प्रारण्य

2. यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

2. 1. जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में :– परिभाषाएं

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (अधिनियम संख्या 67 सन् 1957) से है।

(ख) ''प्राधिकृत अधिकारी'' का तात्पर्य ऐसे अधिकारी, जिसे राज्य सरकार द्वारा इस नियमावली के अधीन सरकारी गजट में अधिसूचना में विनिर्दिष्ट ऐसे क्षेत्र के लिए और ऐसे कृत्यों का पालन करने के लिए जिसके लिए उसे अधिसूचना द्वारा प्राधिकृत किया गया हो, से है और वह भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (अधिनियम संख्या 45 सन् 1860) की धारा 21 के अर्न्तगत लोक सेवक समझा जायेगा।

(ग) ''वाहक'' का तात्पर्य किसी रीति, सुविधा या वाहन से है जिसके द्वारा खनिज का परिवहन एक स्थान से दूसरे स्थान को किया जाय और जिसमे यांत्रिक युक्ति, व्यक्ति, पशु या गाड़ी भी सम्मिलित है।

(घ) ''अनुसंधान कार्य'' का तात्पर्य बिना किसी वाणिज्यिक उद्देश्य के वैज्ञानिक अध्ययन के

प्रयोजन के लिए और उद्योग में उपयोग हेतु खनिज के लाभार्थ और उच्चीकरण के लिए उसकी उपयुक्तता के परीक्षण के लिए किये गये किसी कार्य, से है।

(ड़) ''नियमावली, 1960'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 13 के अधीन बनाई गयी खनिज रियायत नियमावली, 1960 से है।

(च) ''नियमावली, 2001'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (1) के अधीन बनाई गयी ''उत्तरांचल उप खनिज (परिहार) नियमावली, 2001(अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2001) से है।

(छ) ''वैज्ञानिक परीक्षण'' का तात्पर्य बिना किसी वाणिज्यिक उद्देश्य के वैज्ञानिक अध्ययन के प्रयोजन के लिए खनिज के रासायनिक या खनिजिय विश्लेषण और उसके रासायनिक एवं खनिजीय घटकों एवं गुणों के निर्धारण के लिए किये गये किसी परीक्षण से है।

(ज) ''जिला अधिकारी'' का तात्पर्य उस जिले के कलेक्टर या उपायुक्त से है जिसमें भूमि स्थित है।

(झ) ''अभिवहनपास'' का तात्पर्य अधिनियम या तद्धीन बनाई गई नियमावली के उपबन्धों के अनुसार निकाले गये किसी खनिज के विधिपूर्ण परिवहन हेतु खनन पट्टाधारक या खनन अनुज्ञापत्र धारक या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तिधारी या खनिज के भण्डारण हेतु अनुज्ञप्तिधारी द्वारा जारी किये गये पास से है।

2. ''शब्दों और पदों'' जो परिभाषित नहीं है परन्तु अधिनियम में परिभाषित है, के वही अर्थ होंगे जो उनके लिए अधिनियम में दिये गये हैं ।

प्रतिषेध धारा 23–ग (1)

3. कोई भी व्यक्ति, खनन पट्टाधारक या खनन अनुज्ञापत्र धारक का पूर्वेक्षण अनुज्ञाप्तिधारी द्वारा जारी अभिवहन पास के बिना किसी खनिज का उसके खनन किए जाने के स्थान से किसी अन्य स्थान पर न परिवहन करेगा, न उसे ले जायेगा अथवा न परिहन करायेगा और न ले जाने का कार्य करायेगा।

अभिवहन पास का प्रदाय और उसके लिए फीस

4. 1. यथास्थिति, खनन पट्टाधारक या खनन अनुज्ञापत्र धारक या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तिधारी या खनिज के भण्डारण हेतु अनुज्ञप्तिधारी, जिलाधिकारी या राज्य सरकार द्वारा इस निमित प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष किसी खनिज के परिवहन हेतु अभिवहन पास बुक प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित फीस के साथ एवं रीति के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

2. अभिवहन पास बुक का प्रदाय सम्बन्धित जिले के जिला अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा इस निमित अधिसूचना द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा इस नियमावली या अधिनियम या तद्धीन बनाई गई किसी अन्य नियमावली के अधीन किया जायेगा।

5. 1. अभिवहन पास, खनन पट्टाधारी या खनन अनुज्ञा–पत्रधारी या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र–''एन'' में मुख्य खनिज के लिए और नियमावली, 2001 के साथ संलग्न प्रपत्र एम0एम0 11 में उपखनिज के लिए जारी किया जायेगा।

अभिवहन पास का जारी किया जाना

2. खनिजों के भण्डारण हेतु अनुज्ञप्तिधारी, भण्डार से विधिपूर्ण परिवहन के लिए प्रपत्र– ''जे'' में अभिवहन पास जारी करेगा।

अध्याय–दो
खनिजों का परिवहन

6. 1. यदि राज्य सरकार, निकाले गये खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने की दृष्टि से जांच चौकी की स्थापना को आवश्यक समझे तो वह राज्य के भीतर किसी स्थान या स्थानों पर जांच चौकी की स्थापना की अधिसूचना कर सकती है। — खनिजों के निरीक्षण हेतु जांच चौकियों की स्थापना

2. किसी स्थान पर जांच चौकी की स्थापना गजट में अधिसूचित की जायेगी।

3. जॉच चौकी का भारसाधक अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी जिसके पास यह विश्वास करने का पर्याप्त कारण हो कि ले जाया जा रहा खनिज अभिवहन पास के अनुसार नहीं है, तो ऐसा अधिकारी उप–नियम (4) के अनुसार कार्यवाही करेगा।

4. (क) जांच चौकी का भारसाधक अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को खनिज तथा वाहन का अभिग्रहण करने का अधिकार होगा।
   (ख) जांच चौकी का भारसाधक अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी, ऐसे खनिज और वाहन की, जो उसके द्वारा अभिगृहीत किये गये हैं, प्राप्ति रसीद उस व्यक्ति को देगा जिसके कब्जे या नियंत्रण से उसे अभिगृहीत किया गया है।
   (ग) जांच चौकी का भारसाधक अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी वाहन वाहक के भारसाधक व्यक्ति को उप–नियम (1) और (2) के अधीन स्थापित निकटतम जांच चौकी या निकटतम पुलिस स्टेशन पर खनिज को ले जाने के लिए निर्देश दे सकता है।

7. 1. खनन पट्टा धारी/खनन अनुज्ञा–पत्रधारी या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा वाहन द्वारा खनिजों के सभी प्रेषण के साथ एक अभिवहन पास दो प्रतियों में संलग्न होगा। वाहन वाहक का भारसाधक व्यक्ति, उक्त प्रयोजन के लिए जांच चौकी पर या राज्य सरकार द्वारा सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी की मांग पर अभिवहन पास प्रस्तुत करेगा। — खनिजों का परिवहन

2. खनिज ढोने वाले सभी वाहन वाहक, जांच चौकी पर रूकेंगे और सम्बन्धित जांच चौकी द्वारा रवन्ना दिये जाने के उपरान्त ही प्रस्थान करेंगे। जांच चौकी का भारसाधक व्यक्ति अभिवहन पास की प्रथम प्रति पर आवश्यक पृष्ठांकन करेगा और उसे तत्काल ऐसे वाहन के संचालक को वापस करेगा और अभिवहन पास की द्वितीय प्रति जांच चौकी के अभिलेखों में रखी जायेगी।

अध्याय–तीन
खनिजों का भण्डारण

8. 1. इस नियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, खनिजों के भण्डारण हेतु अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन सम्बन्धित जिलाधिकारी को प्रपत्र–''एच'' में किया जायेगा। — खनिजों के भण्डारण हेतु अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन

2. ऐसे प्रत्येक आवेदन के साथ 500.00 रूपये की अप्रतिदेय फीस पूर्ण पते सहित भण्डार के स्वामी का नाम, भण्डारण स्थल का विवरण, खनिज का नाम, भण्डारित किये जाने वाले खनिज की मात्रा, अनुज्ञप्ति की अवधि तथा भण्डारण का प्रयोजन संलग्न किया जायेगा।

9. जिलाधिकारी, इस नियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए और ऐसी जांच, जो वह आवश्यक समझे, करने के पश्चात् ऐसी मात्रा के लिए जो उसके द्वारा उचित और उपयुक्त समझी जाय, दो वर्ष की अवधि के लिए प्रपत्र–''आई'' में अनुज्ञप्ति अनुदत कर सकता है। — आवेदन का निस्तारण

10. खनिज के भण्डार के लिए अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु आवेदन अनुज्ञप्ति की अवधि के समाप्त होने के दिनांक से कम से कम दो माह पूर्व 500.00 रूपये की शुल्क और पूर्व अनुज्ञप्ति के विवरण — अनुज्ञप्ति का

सहित जिला अधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा। अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण एक समय में दो वर्ष तक के लिए किया जा सकेगा। नवीनीकरण

11. कोई व्यक्ति :–

(क) अनुज्ञप्ति प्राप्त किये बिना किसी स्थान पर किसी खनिज का भण्डारण नही करेगा,

(ख) किसी सार्वजनिक सड़क, रेलमार्ग या किसी सार्वजनिक परिसर से 50 मीटर के भीतर किसी खनिज का भण्डारण नहीं करेगा,

(ग) किसी ऐसी भूमि, जो उसकी नहीं या उसके/उसकी वैध किरायेदारी में नहीं है, का उपयोग खनिजों के भण्डारण के लिए नहीं करेगा,

(घ) खनिजों का परिवहन इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र–''जे'' में अभिवहन पास जारी किये बिना, भण्डारण परिसर से किसी अन्य स्थान को नहीं करेगा।

खनिजों के भण्डारण और परिवहन पर निर्बन्धन

12. 1. ऐसा अनुज्ञप्तिधारी हर समय क्रय किये गये, भण्डारित किये गये या निर्गमित किये गये खनिजों का ठीक एवं बोधगम्य लेखा–जोखा इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र–''के'' में रखेगा।

2. खनिज के भण्डारण हेतु अनुज्ञप्तिधारी, स्वयं द्वारा भण्डारित और परिवहन किये गये खनिजों के ठीक–ठीक लेखा की एक प्रति प्रत्येक माह उस जिलाधिकारी को, जिसकी अधिकारिता के भीतर भण्डार परिसर स्थित है, इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र–''एल'' में प्रस्तुत करेगा। खनिजों का ठीक–ठीक लेखा रखना

13. 1. भण्डारित किये गये खनिजों की जांच के प्रयोजन से या अधिनियम या तद्धीन बनाई गयी नियमावली से सम्बन्धित किसी अन्य प्रयोजन से जिलाधिकारी या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी :–

खनिजों के भण्डारण का निरीक्षण और जांच

(क) किसी ऐसे भण्डारण परिसर में प्रवेश कर सकता है और उसका निरीक्षण कर सकता है,

(ख) भण्डार में पड़े हुए खनिजों के स्टाक को तौल सकता है, माप सकता है या उसकी माप ले सकता है,

(ग) कब्जे में रखे गये किसी दस्तावेज, बही, रजिस्टर या अभिलेख का परीक्षण कर सकता है,

(घ) ऐसे दस्तावेज, बही, रजिस्टर या अभिलेख से उद्धरण ले सकता है या उसकी प्रतिलिपियां बना सकता है,

(ड़.) खण्ड (ग) में यथा निर्दिष्ट दस्तावेज, बही, रजिस्टर या अभिलेख को मंगा सकता है या उसे प्रस्तुत करने की आज्ञा दे सकता है।

(च) किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसका खनिज के किसी स्टाक पर नियंत्रण हो या जो उससे सम्बद्ध हो, बुला सकता है या उसकी परीक्षा कर सकता है,

(छ) ऐसी सूचना या विवरण मांग सकता है जो आवश्यक समझी जाय।

2. यदि खनिज के स्टाक में कोई अवैधता पाई जाती है तो जिला अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी ऐसे अनुज्ञप्तिधारी को नोटिस दे सकता है कि वह नोटिस की प्राप्ति के दिनांक से तीस दिन के भीतर अपना पक्ष स्पष्ट करें और यदि नियत समय के भीतर कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है या इस प्रकार प्रस्तुत किया गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो जिलाधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति का पर्यवसान किया जा सकेगा और यदि इस प्रकार जांच किया गया स्टाक बिना किसी विधिपूर्ण प्राधिकार के पाया जाता है तो उसे अधिगृहीत और समपहृत कर लिया जायेगा।

अध्याय–चार

प्रकीर्ण

14. राज्य सरकार, सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग को इस नियमावली की परिधि से छूट प्रदान कर सकती है परन्तु खनिज को मात्र वैज्ञानिक परीक्षण और

शोध कार्य के लिए ही भण्डारित किया या ले जाया जाए।

छूट

15. जिलाधिकारी या राज्य सरकार द्वारा इस निमित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिये गये किसी आदेश द्वारा व्यथित कोई व्यक्ति इस नियमावली द्वारा प्रदत शक्ति का प्रयोग करके :–

(क) आदेश की संसूचना के दिनांक से नब्बे दिन के भीतर राज्य सरकार के समक्ष प्रपत्र– ''एम'' में अपील प्रस्तुत कर सकता है।

अपील

(ख) प्रत्येक अपील के साथ 500 रूपये फीस, ऐसे रीति व शीर्ष के अधीन जमा की जाएगी जैसा राज्य सरकार आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट करे।

(ग) राज्य सरकार अपील किये गये आदेश की, जैसा वह उचित और उपयुक्त समझे, पुष्टि, उपान्तरित या अपास्त कर सकती है।

आज्ञा से,
संजीव चोपड़ा
सचिव

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 2911/VII-II/146–ख/10/2011,
देहरादूनः दिनांकः 18 नवम्बर, 2011

कार्यालय ज्ञाप

उत्तराखण्ड खनिज नीति, 2011

1. उत्तराखण्ड राज्य मे विभिन्न प्रकार के उपलब्ध खनिजों का दोहन आधुनिक तथा वैज्ञानिक विधि द्वारा सुनिश्चित करने, पर्यावरण का संरक्षण एवं खनिज क्षेत्रों की पुनर्स्थापना करने, खनिज भण्डारों का आधुनिक तकनीक द्वारा विस्तृत अनुवेक्षण का कार्य करने तथा खनिज के दोहन एवं चुगान के कार्यो में माफियाओं के एकाधिकार को समाप्त करने हेतु शासनादेश संख्या 1031/औ0वि0/2001 दिनांक 30 अप्रैल, 2001 द्वारा उत्तराखण्ड राज्य खनिज नीति प्रख्यापित की गयी थी।

2. उपरोक्त नीति के पुनर्विलोकन की आवश्यकताओं को महसूस करते हुए नीति का विस्तृत परीक्षण, पर्यावरण संरक्षण, राजस्व प्राप्ति, उपभोक्ताओं तथा निर्माण संस्थाओं को उपखनिजों की उचित मूल्यों पर सहज उपलब्धता तथा स्थानीय व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य को संज्ञान में रखते हुए शासनादेश संख्या 3498/औ0वि0–22–ख/2001 दिनांक 17.10.2002 द्वारा खनिज नीति, 2001 मे कतिपय संशोधन किये गये।

3. वर्तमान में सरकारी कार्यदायी निगमों एवं निजी पट्टाधारकों द्वारा उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001 के नियम 14 के अनुसार पट्टा विलेख का निष्पादन एवं पंजीकरण न कराये जाने, निर्धारित वार्षिक अपरिहार्य भाटक न दिये जाने, निगमों द्वारा सम्पूर्ण खनन पट्टा क्षेत्र में खनन कार्य न कर औसतन लगभग 60 प्रतिशत भाग पर ही उपखनिज का चुगान/टिपान किये जाने से खनिज पट्टा क्षेत्र से खनिजों का समुचित मात्रा मे दोहन नहीं हो पा रहा है, तथा निगम द्वारा रिक्त छोड़े गये क्षेत्रों में अवैध खनन की संभावनाए बनी रहती है। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 एवं तद्धीन बनायी गई पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) तथा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत ई0आई0ए0 नोटिफिकेशन, 2006 (Environment Impact Assesment Notification-2006) दिनांक 14.09.2006 का भी अनुपालन पूर्ण रूप से अपेक्षित है।

4. उपरोक्त समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए उत्तराखण्ड राज्य में विभिन्न प्रकार के खनिजों का दोहन आधुनिक एवं वैज्ञानिक विधि से सुनिश्चित करने, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी का संरक्षण करने, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने, खनिजों से राजस्व मे वृद्धि करने तथा अवैध खनन/अवैध परिवहन की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु राज्य के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की पूर्ति एवं मानव संसाधनों को प्रोत्साहित करने के उदेद्श्य से उत्तराखण्ड राज्य खनिज नीति, 2001 एवं संशोधित नीति, 2002 को अतिक्रमित करते हुए उत्तराखण्ड राज्य के लिए निम्नानुसार नई खनिज नीति प्रख्यापित किए जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

1. मुख्य खनिज

मुख्य खनिजों का विकास एवं विनियमन खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धाराओं एवं खनिज परिहार नियमावली, 1960 के प्राविधानों के अर्न्तगत किया जाता है। उक्त अधिनियम एवं नियमावली भारत सरकार

द्वारा प्रवृत्त की गई है। उक्त अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग–ए एवं बी में विनिर्दिष्ट मिनरल्स अंकित है, जिसको रिकोनेइसेंस परमिट/प्रोस्पेक्टिंग लाईसेंस/खनन पट्टे पर स्वीकृत करने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से अनुज्ञा प्राप्त करना आवश्यक होता है।

मुख्य खनिजों का खनन कार्य सुनियोजित वैज्ञानिक तरीके से खनिज परिहार नियमावली, 1960 के नियम, 22 के अर्न्तगत अनुमोदित खनन योजना के अनुसार किया जाता है।

प्रदेश के अर्न्तगत सतही एवं भूगर्भ में पाये जाने वाले खनिज प्रदेश की सम्पति होती है तथा सतही अधिकार प्रदेश मे निहित है, इसलिए खनिज पर देय रायल्टी प्रदेश सरकार द्वारा ही वसूल की जायेगी।

मुख्य खनिजों के सुनियोजित विकास के लिए निम्नलिखित कार्यवाही की जायेगी–

(1) शासन द्वारा प्रमुख सचिव/सचिव, औद्योगिक विकास की अध्यक्षता मे एक कार्यकारी दल का गठन किया जायेगा। कार्यकारी दल द्वारा मुख्य खनिजों के खनन में अपनायी जा रही तकनीक, उनका पर्यावरण पर प्रभाव तथा खनन से सम्बन्धित प्रचलित कार्य प्रणाली को व्यवहारिक बनाने के सम्बन्ध में उपाय एवं सुझाव तैयार कराये जायेंगे। कार्यकारी दल के गठन का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार को मुख्य खनिजों से संबंधित खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 एवं खनिज परिहार नियमावली, 1960 के सम्बन्ध मे सुझाव देने का भी होगा।

(2) मुख्य खनिजों के खनन हेतु निजी क्षेत्र के ऐसे उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जायेगा, जिनके पास यह कार्य करने हेतु पर्याप्त पूंजी एवं आधुनिक तकनीक उपलब्ध हो।

(3) मुख्य खनिजों यथा सिलिका सैण्ड, लाइम स्टोन, मैग्नेसाइट, सोपस्टोन आदि के दोहन हेतु समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर खनिज उद्योग को बढाया जायेगा।

2. उपखनिज

(1). राज्य के राजस्व नदी उपखनिज क्षेत्रों मे उपखनिज के चुगान के खनन पट्टे गढ़वाल मण्डल क्षेत्र में गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा कुमांऊ मण्डल क्षेत्र मे कुमांऊ मण्डल विकास निगम को तथा वन क्षेत्र में प्रवाहित होने वाले नदी तल के उपखनिज क्षेत्रों में उपखनिज के चुगान के खनन पट्टे उत्तराखण्ड वन विकास निगम को उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली 2001 के नियमानुसार निर्धारित प्रपत्र एम0एम0–1 में आवेदन करने के उपरांत पांच वर्ष हेतु स्वीकृत किये जायेंगे। निगमों के द्वारा उपखनिज के चुगान/खनन कार्य स्वयं किया जायेगा तथा किसी को सबलेट नहीं किया जायेगा। निगम खनिजों की रायल्टी पर 10 प्रतिशत सर्विस चार्ज प्राप्त करने के अधिकारी होंगे।

(2). मा0 उच्चतम न्यायालय से एन0पी0वी0 मुक्त निगम/संस्था को छोड़कर शेष निगम एवं निजी पट्टाधारकों के द्वारा खनन पट्टा विलेख का निष्पादन उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001 के नियम, 14 के अर्न्तगत कराया जाना आवश्यक होगा तथा उनके द्वारा नियम, 22 की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित अपरिहार्य भाटक तथा नियम, 21 के प्रथम अनुसूची में निर्धारित रायल्टी का भुगतान पट्टा विलेख की शर्तो के अनुसार किया जायेगा। मा0 उच्चतम न्यायालय से एन0पी0वी0 मुक्त निगम/संस्था खनन चुगान प्रारम्भ करने से पूर्व निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग से समस्त औपचारिकताए पूर्ण करते हुए निर्धारित प्रपत्र पर एम0 ओ0यू0 हस्ताक्षर करने के उपरांत निदेशक द्वारा निर्गत अनुमति के पश्चात् ही उपखनिज के चुगान/खनन प्रारम्भ करेंगे।

(3). ऐसे उपखनिज क्षेत्र जिसमें निगमों के द्वारा उपखनिज का चुगान कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है या ऐसे क्षेत्र जिनमे उपलब्ध खनिजों की पूर्ण क्षमता का दोहन करने में अक्षम पाये जाते हैं, या ऐसे क्षेत्र जो निगमों के द्वारा रिक्त छोड दिये जाते हैं, को नियमानुसार टेन्डर प्रक्रिया के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य विपणन संघ/श्रम संविदा समितियों/कॉपरेटिव सोसाइटियों/संस्थाओं एवं निजी व्यक्तियों को पांच वर्ष की अवधि के लिए खनन पट्टे स्वीकृत किये जायेंगे।

(4). स्वस्थित चट्टानों/नदी तल से संबंधित निजी नाप भूमि में खनन पट्टे निजी व्यक्तियों/स्थानीय व्यक्तियों को उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001 के नियम, 72 के अनुसार विज्ञप्तिकरण के उपरान्त नियमानुसार खनन पट्टे पांच वर्ष हेतु स्वीकृत किये जायेंगे जिसमें भूस्वामी अथवा भूस्वामी द्वारा सहमति प्राप्त आवेदक जो उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवासी हो, तो उसे खनन पट्टा/खनन अनुज्ञा पत्र दिये जाने में प्राथमिकता दी जायेगी। उक्त नीति के अधीन किसी भी व्यक्ति/संस्था को 05.00 हैक्टेअर से अधिक के खनन पट्टे तथा किसी भी व्यक्ति/संस्था को एक से अधिक पट्टा स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

(5). राज्य के वन भूमि को छोड़कर समस्त नदी तलों में नदी के किनारे से नदी की चौड़ाई का 15 प्रतिशत भाग छोड़ते हुए उपखनिज का चुगान का कार्य यथासंभव नदी के मध्य से किया जायेगा जिससे कि नदी के जल प्रवाह की धारा को नदी के मध्य केन्द्रीत किया जा सके। इसके अतिरिक्त पुल, सार्वजनिक स्थान आदि से अपस्ट्रीम साइड मे 100 मी0 तथा डाउनस्ट्रीम में भी 100 मी0 क्षेत्र को प्रतिबंधित करते हुए चुगान कार्य किया जायेगा। इसके अर्न्तगत उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में उपखनिज क्षेत्रों के विज्ञप्तिकरण/चिन्हींकरण हेतु गठित समिति द्वारा नदी तट सुरक्षा हेतु नदी तट से सुरक्षित दूरी के लिए निर्धारित मानक में शिथिलता प्रदान की जा सकती है। परन्तु अपरिहार्य भाटक की गणना हेतु सम्पूर्ण नदी तल की चौड़ाई को सम्मिलित करतें हुए स्वीकृति प्रदान की जायेगी। जिससे सुरक्षित किए जाने वाले स्थान की सुरक्षा की जिम्मेदारी खनन पट्टाधारक की सुनिश्चित की जा सके।

(6). नदी तल से सम्बन्धित वन भूमि को छोड़कर निजी नाप भूमि (Alluivial-Delluvial Soil) के खनन पट्टों को स्वीकृत करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपखनिज का चुगान नदी के मध्य से चौड़ाई का 15 प्रतिशत दोनों किनारों से छोड़ते हुए स्वीकृत/विज्ञापित किए जाने की प्रकिया अपनायी जायेगी। ऐसे क्षेत्रों के चिन्हीकरण हेतु जनपद के जिलाधिकारी प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर के मध्य उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर स्वीकृत किए जाने/प्रतिबंधित किए जाने वाली भूमि की सूचना निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई को जिलाधिकारी के माध्यम से सूचित करेगें।

(7). भवनो के बेंसमेंन्ट से मिट्टी की खुदाई व निजी भूमि से व्यवसायिक उपयोग के लिए मिट्टी की खुदाई व भूमि धरी/निजी नाप भूमि जो नदी तल से बाहर स्थित है के समतलीकरण के दौरान निकलने वाले उपखनिज बालू/बोल्डर/पत्थर/मिट्टी हेतु निजी व्यक्तियों को उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001 के नियम, 68 के अन्तर्गत नियम, 72 को शिथिल करते हुए उक्त नियमावली के अध्याय–6 के नियमानुसार अल्प अवधि के खनन अनुज्ञा पत्र ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खान निरीक्षक से जांच/मूल्यांकन आख्या प्राप्त कर सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।

(8). मैदानी क्षेत्र यथा विकासनगर, देहरादून, डोईवाला, ऋषिकेश, हल्द्वानी, उधमसिहंनगर, रामनगर तथा हरिद्वार को छोड़कर पर्वतीय क्षेत्रों में निजी भवन के निर्माण हेतु भवन के स्टीमेट जो क्षेत्रीय पटवारी/राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा सत्यापित हो, के आधार पर 150 घन मीटर तक की निर्माण सामग्री (उपखनिज बालू/बजरी/बोल्डर) चिन्हित नदी तल से चुगान की अनुमति ग्रामीण क्षेत्रों मे संबंधित ग्राम प्रधान द्वारा तथा शहरी क्षेत्रों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी द्वारा प्रदान की जायेगी। उपयोग में आने वाले उपखनिज का परिवहन, प्रपत्र एम0एम0–11 पर किया जायेगा।

(9). ईंट बनाने की मिटटी के खनन अनुज्ञा पत्र ईट भट्टा समाधान योजना के अर्न्तगत ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खान निरीक्षक की जांच/निरीक्षण आख्या के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत किये जायेंगे।

(10). पर्वतीय क्षेत्रों मे उपखनिज के चुगान का कार्य सूर्योदय से सूर्यास्त तक किया जायेगा परन्तु मैदानी शहरी क्षेत्रों में ऐसा कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा तथा ऐसे क्षेत्रों में उपखनिज के चुगान का कार्य दिन–रात किया जा सकता है।

3. जल विद्युत परियोजनाओं के सम्बन्ध में:– परियोजनाओं द्वारा जलाशय/सुरंग (Tunnel)/ नहर आदि के निर्माण कार्य से निकलने वाले Muck (उपखनिज पत्थर/ बोल्डर/बालू आदि) को परियोजना के निर्माण कार्य में उपयोग हेतु परियोजना के निर्माण स्टीमेट (Estimate) की जॉच/निरीक्षण व मूल्यांकन ज्येष्ठ खान अधिकारी/ खान अधिकारी/ खान निरीक्षक से कराते हुए उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001 के नियम, 68 के अन्तर्गत नियम, 72 को शिथिल करते हुए नियमानुसार खनन पट्टा/खनन अनुज्ञा पत्र की स्वीकृति शासन के द्वारा निदेशक, भूतत्व एंव खनिकर्म की संस्तुति के आधार पर दी जायेगी।

4. सरकारी कार्यदायी संस्थाओं के सम्बन्ध मे:– सरकारी निर्माण इकाईयों जैसे लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, डी0जी0 बी0आर (ग्रेफ) सिंचाई विभाग आदि द्वारा सड़क, पहुंच मार्ग आदि बनाये जाने के दौरान निर्माण स्थल से निकलने वाले बोल्डर, पत्थर, बजरी आदि को निर्माण कार्य में उपयोग हेतु निर्माण स्टीमेट (Estimate) की जॉच/निरीक्षण व मूल्यांकन ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खान निरीक्षक से कराते हुए उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001 के नियम, 68 के अर्न्तगत नियम, 72 को शिथिल करते हुए नियमानुसार खनन अनुज्ञा–पत्र सम्बन्धित जिलाधिकारी के द्वारा स्वीकृत किया जायेगा। यह प्रकिया राज्य के जलाशयों एवं नहरों में जमा उपखनिज की सफाई/निकासी के लिए भी अपनायी जायेगी।

5–खनन पट्टा के आबंटन की प्रकिया:–

(1). उपखनिज क्षेत्रों के चिन्हींकरण एवं विज्ञप्तिकरण हेतु उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के पदेन सदस्य सचिव, ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खान निरीक्षक की संस्तुति आख्या के आधार पर क्षेत्रों के विज्ञप्तिकरण की कार्यवाही सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा की जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त आवेदन–पत्रों को जिलाधिकारी के द्वारा निदेशक भूतत्व एंव खनिकर्म को प्रेषित किये जायेगें।

(2). खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1957, खनिज परिहार नियमावली, 1960 एवं उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001, उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली, 2005 के अर्न्तगत खनिज के परिहवन हेतु समस्त प्रपत्र सम्बन्धित जनपद के ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/ खान निरीक्षक द्वारा जारी किये जायेगे।

(3). खनिजों का परिवहन खान एंव खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1957, खनिज परिहार नियमावली, 1960 एवं उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001, उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली, 2005 के अर्न्तगत निर्धारित प्रपत्र पर सुनिश्चित किये जायेगे।

(4). पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एवं पर्यावरण संरक्षण नियमावली, 1986 के नियम, 5 के उपनियम (3) के अर्न्तगत जारी EIA नोटिफिकेशन दिनांक 14–09–2006 के अर्न्तगत राज्य में उक्त नोटिफिकेशन के प्रख्यापन की तिथि के उपरान्त स्वीकृत/नवीनीकृत/स्वीकृत किये जाने वाले ऐसे खनन पट्टों जिनका क्षेत्रफल 5.00 है0 या 5.00 है0 से अधिक है, को उक्त नोटिफिकेशन के अर्न्तगत पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार से पर्यावरण अनुमति (Environment Clearance) प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। EIA कराने हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय नोडल विभाग होगा।

(5). समस्त पट्टाधारक/अनुज्ञा पत्र धारक/भण्डारण स्वामी को निर्गत किये जाने वाले परिवहन प्रपत्रों पर खनिज की मात्रा का निर्धारण कर रायल्टी की धनराशि एवं पुस्तक मूल्य अग्रिम रूप से जमा करायी जायेगी जिसका दायित्व सम्बन्धित ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खान निरीक्षक का होगा।

(6) निजी नाप भूमि में खनन पट्टे निजी व्यक्तियों/स्थानीय व्यक्तियों को उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001 के नियम, 72 के अनुसार विज्ञप्तिकरण के उपरान्त नियमानुसार खनन पट्टे 05 वर्ष हेतु स्वीकृत किये जायेंगे

जिसमें भूस्वामी अथवा भूस्वामी द्वारा सहमति प्राप्त आवेदक जो उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवासी हो, तो उसे खनन पट्टा/खनन अनुज्ञा पत्र दिये जाने में प्राथमिकता दी जायेगी।

(7). खनिज पर आधारित उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को खनन पट्टा दिये जाने में प्राथमिकता दी जायेगी।

6. अवैध खनन पर अंकुशः—

(1). अवैध खनन एवं अवैध परिवहन की रोक थाम हेतु आधुनिक Surveillance युक्त चेक पोस्ट खनन स्थलों एवं संवेदनशील स्थलों पर स्थापित किये जायेंगे।

(2). अवैध खनन कर्ता/अवैध खनिज परिवहन कर्ता/अवैध भण्डारणकर्ता/स्वीकृत मात्रा से अधिक खनिज का भण्डारणकर्ता से खान एंव खनिज विकास एव विनियमन अधिनियम, 1957, की धारा, 21 के उपनियम (1) एवं 21 के उपनियम (5) द्वारा निर्धारित अर्थदण्ड की धनराशि रूपये 25000/—के अतिरिक्त अवैध उत्खनित खनिज/परिवहन किये जा रहे खनिज/भण्डारित किये गये खनिज की मात्रा पर विक्रय मूल्य की धनराशि आंगणित कर वसूल किया जायेगा।

